**Title:** Need to solve acute drinking water problem, particularly in North Gujarat.

श्री महेश कनोडिया (पाटन): अध्यक्ष महोदय, गुजरात के उत्तरी इलाके विशेशकर मेहसाणा और पाटन जैसे क्षेत्रों में पेयजल की अत्यंत विकट समस्यायें हैं जिनके कारण इन क्षेत्रों में गंभीर बीमारी हो जाती है। गर्मियों की यह समस्या अत्यंत चिंताजनक हो जाती है। सरकार ने पेयजल के लिए कई योजनाओं को चला रखा है किंतु ग्रामीण क्षेत्रों को कोई विशेष फायदा नहीं है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस ओर ध्यान दे और पेयजल की योजनाओं की समीक्षा करवाए।